हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 अप्रैल 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

11 अनुविभागीय अधिकारी ने दिया उप अभियंता को नोटिस



12 कुरुद साहू समाज ने मनाया दानवीर भामाशाह महोत्सव



## खबर संक्षेप

### कमार जनजाति के लोग टुकनी, सूपा लेकर मतदान करने पहुंचे

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलभदर के मतदान केन्द्र क्रमांक 143 को विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग हेतु ट्राइबल मतदान केन्द्र का निर्माण किया गया है। इस मतदान केन्द्र में कमार जनजाति हेतु सेल्फी जोन बनाया गया है। कमार जनजाति के लोग पारम्परिक औजार जैसे तीर-धनुष, पारम्परिक अनाज रखने हेतु टुकनी, सूपा लेकर मतदान करने पहुंचे।

### 3 मई से बच्चों को मिलेगा नि:शुल्क संगीत प्रशिक्षण

**धमतरी।** भारतीय बौद्ध महासभा जिला धमतरी के जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम के नेतृत्व और कुंजीलाल कुटारे के माताश्री स्वर्गीय श्रीमती सोना बाई कुटारे दानीटोला वार्ड धमतरी निवासी की स्मृति में 3 मई शुक्रवार को सुबह 8 बजे से 9 बजे सभी वर्गो के बच्चों के लिए निशुल्क संगीतकला और वादन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। आयु का कोई बंधन नहीं है। इसमें खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से प्रशिक्षित संगीत शिक्षक अजय वर्मा एवम तन्मय वर्मा द्वारा संगीतकला गायन और वादन का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। संगीतकला और वादन का प्रशिक्षण सभी वर्गों के बच्चों को नि:शुल्क दिया जायेगा।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 9 जून को

**धमतरी।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रयास बालक एवं बालिका आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा आगामी 9 जून को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक जिला स्तर पर आयोजित की जायेगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए इच्छुक विद्यार्थी 17 मई तक विभागीय वेबसाईट http://eklavya.cg.nic.in/PRMS/student-Admission-Detail पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति, निवास प्रमाण पत्र, कक्षा आठवीं की अंक सूची (60 प्रतिशत से अधिक अंक से उत्तीर्ण) अपलोड कराना अनिवार्य होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्त, कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 85 में स्थित आदिवासी विकास विभाग के संबंधित शाखा से सम्पर्क किया जा सकता है।

■ ऑनलाइन आवेदन 17 मई तक आमंत्रित

---

जिले के 28 हजार ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार

# दो दिन बाद शुरू होगा हरे सोने का संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

लगातार खराब मौसम के चलते इस साल तेंदूपत्ता की क्वालिटी पर असर पड़ा है। आगे भी मौसम खराब रहा तो वनग्राम वासियों को करोड़ों रुपए का नुकसान उठाना पड़ सकता है। बारिश वाले मौसम में तेंदूपत्ता की क्वालिटी खराब होगी। खराब क्वालिटी वाले तेंदूपत्ता को ठेकेदार भी नहीं खरीदेंगे।

दो दिन बाद जिले के वनग्रामों में तेंदूपत्ता का संग्रहण शुरू किया जाना है। वनवासियों की आय का मुख्य जरिया तेंदूपत्ता है, जिसे हरा सोना के नाम से भी जाना जाता है। वन विभाग तेंदूपत्ता संग्रहण शुरू करने के लिए 2 मई की तिथि निर्धारित की है। 27 समितियों के माध्यम से 238 फड़ों में तेंदूपत्ता संग्रहण का काम होना है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पहले ही मौसम खराब था। बारिश और ओलावृष्टि से तेंदूपत्ता के कोपलों को नुकसान हुआ है। फिलहाल मौसम तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए अच्छा है। पर्याप्त धूप मिलने से कोपलों में तेजी से वृद्धि हो रही है।

### 238 गांव के ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार

तेंदूपत्ता संग्रहण वनांचल में रोजगार का प्रमुख साधन है। इस कार्य में 238 गांव के 28 हजार संग्राहकों को रोजगार मिलेगा। इस साल 26800 मानक बोरा संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। प्रति मानक बोरा 5500 रुपए का दर निर्धारित किया गया है। इस बार मूल्य में 1500 रुपए की वृद्धि हुई है। पहले प्रति मानक बोरा 4000 रुपए था।



फाइल फोटो

### निकल आई हैं नई कोपलें

तेंदूपत्ता संग्रहण प्रक्रिया 15 फरवरी से ही शुरू हो गई थी। 15 फरवरी से 15 मार्च तक एक माह तक शाख कर्तन का काम किया गया। इसमें तेंदू के पेड़ों टहनियों को कांटा गया, जिससे पेड़ों पर नई कोपले आ सकें। अब नई कोपलें आ चुकी है। उल्लेखनीय है कि इस बीच में मौसम काफी खराब रहा। जिसके चलते नई कोपलों को नुकसान पहुंचा है।

**हाथी का खतरा**

कुछ सालों से जिले के जंगलों में वन्यजीवों की आमद बढ़ी है। तेंदुओं की संख्या भी पहले से कई गुना बढ़ चुकी है। हाथियों का दल भी जिले के जंगल में डेरा जमाए बैठा हुआ है। ऐसे में तेंदूपत्ता संग्रहण में इस साल रिस्क ज्यादा है। इसके बाद भी सावधानी बरतते हुए ग्रामीण तेंदूपत्ता संग्रहण करने की तैयारी में है। वन अमला भी हाथियों पर नजर रखे हुए हैं।

---

# सड़क से दस फीट नीचे खेत में गिरी कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से 10 फीट नीचे खेत में गिरकर पेड़ से टकरा क्षतिग्रस्त हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री बराज से मुड़पार जाने वाले मार्ग में राईस मिल के पास एक सफेद रंग की कार सड़क से 10 फीट नीचे गिरकर खेत में स्थित पेड़ से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई। सोमवार की सुबह लोगों ने कार को क्षतिग्रस्त हालत में देख फोटो के माध्यम से रूद्री पुलिस को घटना की सूचना दी। कार के सामने हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं कार पूरी तरह से खाली था। रूद्री पुलिस का कहना है कि खेत में कार गिरने की जानकारी मिली है। लेकिन जिसकी अब तक रिपोर्ट नहीं लिखाई गई है। वहीं कार मालिक भी थाना नहीं पहुंचा है। पुलिस कार मालिक की तलाश कर रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

■ रूद्री-मुड़पार की घटना

---

# विशाखापटनम की टीम ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक-एनक्यूएएस के तहत विशाखापटनम की टीम ने जिला अस्पताल का बाह्य निरीक्षण किया। रिपोर्ट सौंपने के बाद आंतरिक निरीक्षण के लिए दूसरी टीम आएगी।

■ एनक्यूएएस के तहत हो रहा निरीक्षण

सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में देखभाल की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी व यूपीएचसी का स्टेंडर्ड देखा जाता है। रिपोर्ट के पश्चात इसमें सुधार की चीजों को बताया जाता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देशानुसार एनक्यूएएस के तहत सोमवार को विशाखापटनम से डॉ. नागेश्वर राव की टीम जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची। टीम दो दिनों तक रूक कर जिला अस्पताल का बाह्य मूल्यांकन करेगी। रिपोर्ट सौंपने के बाद दूसरी टीम जिला अस्पताल के आंतरिक निरीक्षण के लिए पहुंचेगी। टीम ने परिसर में घूम-घूमकर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. टोण्डर, अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप सहित अन्य स्टाफ ने टीम को जानकारी उपलब्ध कराई। यह निरीक्षण मंगलवार को भी जारी रहेगा।



### प्रमाण पत्र के लिए पूरा प्रयास

अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप ने मीडिया को बताया कि यह रैपिड एक्सटर्नल निरीक्षण है। जिला अस्पताल में 22 विभाग होते हैं। टीम सभी विभागों का निरीक्षण कर रिपोर्ट लेगी। जिस विभाग की क्वालिटी अच्छी होगी उसे टीम द्वारा अंक दिया जाएगा। आंतरिक परीक्षण के लिए फिर एक टीम आएगी। उनके द्वारा 70 से ज्यादा अंक देने पर नेशनल की टीम निरीक्षण के लिए पहुंचेगी। प्रमाण पत्र के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। साफ-सफाई व अन्य चीजों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

---

# विहिप ने अवैध खनिज उत्खनन को रोकने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिला कार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर, जिला मंत्री विहिप रामचन्द्र देवांगन एवं अन्य सदस्यों ने जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि जिले में विशेष तौर पर धमतरी शहर में शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करके लोगों की सुविधाओ हेतु नई नई सड़कों का निर्माण किया गया है। परंतु बिना रॉयल्टी के अवैध रूप से चलने वाले भारी वाहनों के कारण सड़कें खराब होती जा रही है। जिसके कारण शहर वासियों को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही साथ वाहनों की तेज रफ्तार के कारण शहर में पिछले पांच वर्षों में सैकड़ों सड़क दुर्घटनाओं के कारण नागरिकों ने अपने परिवार के सदस्यों को भी खोया है। स्वस्थ पर्यावरण का ▸▸ शेष पेज 10 पर



---


# नहर में मिली लाश की हुई शिनाख्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरूद

कुरुद थाना अंतर्गत कुरुद से कन्हारपुरी के बीच महानदी मुख्य नहर के पुल के नीचे रविवार दोपहर मिली एक अज्ञात लाश की शिनाख्ती पुलिस ने कौशल कुमार पिता सूर्य कुमार उम्र 45 वर्ष निवासी सिंघरोली मध्यप्रदेश के रूप में कर ली है। लेकिन मौत का कारण क्या है कि जांच में पुलिस जुटी हुई है और राज खुलना अभी बांकी है।

■ मौत का राज खुलना अभी बाकी

विवेचना अधिकारी एसआई श्री ध्रुव ने बताया कि मृतक आरंग से दुर्ग की ओर बन रही स्टेट हाइवे एक्सप्रेस में इंजीनियर था। जो कि किराये के मकान पर अमृत विहार कालोनी कुरुद में रहता था। पंचनामा के दौरान आईडी कार्ड से नाम व पता की शिनाख्ती की गई। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों से पुलिस को यह भी पता चला है कि मृतक कौशल कुमार अपने किराये की मकान से सुबह नेकर व टीशर्ट पहनकर रविवार को सुबह करीब 7 बजे के आसपास टहलने निकला था। उसके बाद उसे देखा नही गया। इधर पुलिस को उसी दिन दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास कन्हारपुरी व कुरुद के बीच नहर के नीचे झुरमुट में एक लाश होने की सूचना मिली थी। लाश को बाहर निकालने पर देखा गया कि उसके शरीर पर सिर्फ एक अंडरवियर ही था। सिर्फ हल्की चोट के निशान भी दिखाई दे रहे है। आखिर मृतक पानी में कैसे गिरा यह जांच का विषय बना हुआ है। फिलहाल मृतक के परिजनों को इसकी सूचना देकर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। लाश को मर्चुरी में रखा गया है।



---

### बीपीएड कक्षा की प्रायोगिक परीक्षा आज से

**कुरूद।** संत गुरु घासीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीपीएड कक्षा के प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथियाँ निम्न हैं- बी.पी.एड. 4 सेमेस्टर टी.पी. 401 एवं 402, 10वी बैच 30 अप्रैल 2024, बी.पी.एड. 2 सेमेस्टर टी.पी. 201 11वी बैच 30 अप्रैल 2024, बी.पी.एड. 4 सेमेस्टर पी.सी 401 एवं 402 10वी बैच 1 मई 2024, बी.पी.एड. 2 सेमेस्टर पी.सी 201, 202 एवं 203 11वी बैच 1 मई 2024। प्रातः 6:30 बजे से शारीरिक शिक्षा विभाग में प्रायोगिक परीक्षा होगी। छात्रों को उपयुक्त खेल गणवेश में उपस्थित होना अनिवार्य हैं। अभ्यर्थी भोजन की व्यवस्था स्वयं करेंगे। महाविद्यालय की ओर से किसी भी प्रकार की भोजन, यात्रा एवं दैनिक भत्ता किसी भी वर्ग के अभ्यर्थियों को देय नहीं होगा। छात्र अपने साथ अपना अल्पाहार/भोजन एवं पीने का पानी (2 लीटर) अवश्य लाएंगे एवं अन्य छात्रगणों के उपकरण एवं अन्य सामग्रियों का उपयोग/प्रयोग नहीं करेंगे।

---

# शहरवासियों में अब तक नहीं बन पाई गीला-सूखा कचरा अलग देने की आदत

■ गीला-सूखा कचरा अलग करने में सफाई दीदियों को होती है परेशानी

■ नागरिकों ने की टूटे कचरा डिब्बों की जगह नए डिब्बे पुन: बांटने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

सालों बाद भी शहरवासियों में गीला-सूखा कचरा अलग देने की आदत नहीं बन पाई, जिसकी वजह से सफाई कार्यों में लगे स्वच्छता दीदियों को परेशान होना पड़ता है। स्वच्छता दीदी कामिनी बाई, प्रेमीन बाई, मालवंती बाई, अमरीका बाई आदि ने बताया कि नगर निगम के 40 वार्डों में स्वच्छता के बेहतर निबटान के उद्देश्य से स्वच्छता समूह के माध्यम से कचरा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाली दीदियों को गीला-सूखा कचरा अलग नहीं मिलने से काफी परेशानी होती है। लोग हरे और नीले रंग के डिब्बे का अलग-अलग उपयोग नहीं करते, दोनों डिब्बों में गीला-सूखा कचरा डालकर देते हैं। एकत्रित कचरों को अलग-अलग करने में परेशानी होती है। लोगों में अब भी जागरूकता का अभाव है। बार-बार कहने के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं देते। मिक्स कचरों को अलग करने में अतिरिक्त समय देना पड़ता है। कई बार तो लोहे की धारदार टुकड़े और टूटी कांच की बोतले, आइना से हाथ कट जाता है।




### गीले-सूखे कचरों को अलग रखना जरूरी

केमेस्ट्री के अध्यापक जितेन्द्र साव ने बताया कि गीला कचरा को जैविक अपशिष्ट पदार्थ के रूप में भी जाना है, जो अक्सर विघटित होता है। खाद बनाने के लिए उपयोग किया जा सकता। गीले कचरे में ऐसे पदार्थ होते हैं जो आमतौर पर नम या गीले होते है, जो प्राकृतिक रूप से विघटित हो सकते हैं। सूखे कचरे में वे अपशिष्ट पदार्थ शामिल होते हैं, जो आसानी से विघटित नहीं होते हैं। ये गैर बायोडिग्रेबल होते हैं। आसानी से नष्ट नहीं होते। इसे रिसाइक्लिन करना पड़ता है। इसलिए शासन ने सभी लोगों को सूखा-गीला कचरा अलग देने का आग्रह किया है ताकि इन्हें आसानी से विघटित किया जा सके।

### शहरवासियों ने मांगे नए हरे-नीले डिब्बे

शहर के नागरिकों ने गीला-सूखा कचरा अलग रखने के लिए नए सिरे से हरे-नीले डिब्बे की मांग की है ताकि कचरा अलग-अलग रख सकें। उनका कहना है कि तीन-चार साल पहले वितरित की गई हरे-नीले डिब्बे टूट गए हैं। अब वे स्वयं के पैसे से डिब्बे खरीद रहे हैं। जिला एवं निगम प्रशासन सभी शहरवासी को जल्दी ही डिब्बे वितरित करें।

सफाई दीदियों ने बताया कि गीला-सूखा कचरा अलग मिलने से उन्हें छंटाई करने में आसानी होती है। हरी सब्जियों के अवशेष, खाद्य पदार्थ, रैपर स्वच्छता उत्पाद, दूषित खाना, कागज, फलों के छिलके, अंडा-मटन के अवशेष, नारियल, भाजी, खराब मसाले, पौधे आदि गीला कचरे की श्रेणी में आता है, जिसे खाद बनाने में प्रयोग करते हैं। इसी तरह लोहे, कांच के टुकड़े, लकड़ी, चम्मच, ब्रश, प्लास्टिक, पालीथिन, गिलास, स्टील, कपड़ा, फर्श मैट, कंटेनर, खिलौना, पेन, रिफिल आदि सूखे कचरे को रिसाईक्लिन के लिए भेज दिया जाता है। लोग अंजाने में सभी प्रकार के कचरों को एक ही डिब्बे में डालकर दे देते हैं, जो सफाई दीदियों के लिए परेशानी का सबब है। उन्होंने शहरवासी से आग्रह किया है कि सभी प्रकार के कचरों का एक साथ न देवें।

---

साइबर व केरेगांव पुलिस को हत्या की गुत्थी सुलझाने में मिली सफलता

# दो चचेरे भाइयों के बीच हुआ खूनी संघर्ष, एक की हुई मौत

■ हत्या के बाद चचेरे भाई का शव जंगल में छोड़ दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

शराब के नशे में धुत्त दो चचेरे भाईयो में बाइक गिरा देने व चलाने के लिए नहीं देने की बात को लेकर जंगल में खूनी संघर्ष हुआ। इस घटना में एक भाई की मौत हो गई। लहूलूहान शव फूटहामुड़ा लहसूनवाही कैम्पा के जंगल से बरामद हुआ था। मामले में सायबर व केरेगांव पुलिस की संयुक्त टीम ने हत्या के आरोपी चचेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार दो दिन पहले 27 अप्रैल की शाम केरेगांव थाना क्षेत्र के फूटहामुड़ा गंगरेल मार्ग में लहसूनवाही कैम्पा के पास जंगल में एक युवक की लहूलूहान शव मिला था। युवक के चेहरे व सिर पर पत्थर से हमला किया गया था। सूचना पर केरेगांव पुलिस घटनास्थल पहुंच पंचनामा की कार्रवाई पश्चात मृतक की शिनाख्ति तिलेश्वर नेताम ग्राम माकरदोना थाना केरेगांव निवासी के रूप में किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।



प्रथम दृष्टया हत्या का मामला मानकर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी। पूछताछ के दौरान पता चला कि मृतक तिलेश्वर घटना के दिन अपने चचेरे भाई भूपेंद्र नेताम के साथ गया था। पुलिस ने संदेही भूपेंद्र को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया। इस दौरान संदेही ने अपने चचेरे भाई की हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी भूपेंद्र नेताम पिता ठाकुरराम 27 वर्ष ग्राम माकरदोना थाना केरेगांव निवासी को धारा 302, 201 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

हत्या की गुत्थी सुलझाने में साइबर प्रभारी सन्नी दुबे, केरेगांव प्रभारी एएसआई प्रदीप सिंह, प्रआ डिकेश सिन्हा, विनोद मरकाम, आरक्षक जितेंद्र ठाकुर, सायबर टीम से देवेंद्र राजपूत, योगेश नाग, युवराज ठाकुर व कृष्णा पाटिल का सराहनीय योगदान रहा है।

### बाइक गिरने से शुरु हुआ था दोनों भाई में विवाद

मृतक तिलेश्वर नेताम आरोपी भूपेंद्र नेताम का चचेरा भाई था। दोनों ओव्हरब्रिज निर्माण कार्य में मिस्त्री का काम करते थे। भूपेंद्र तीन माह से काम पर नहीं जा रहा था। 27 अप्रैल की सुबह भूपेंद्र व तिलेश्वर बाइक से पारिवारिक कार्यक्रम में गए थे। जहां दोनों भाईयों ने अत्याधिक मात्रा में शराब का सेवन कर घर वापस लौट रहे थे। नशे में होने के कारण घर लौटते समय बाइक सहित गिर गए। इस घटना से भूपेंद्र के दोनों पैर व कमर में चोट लगी थी। वहीं बाइक का चैन व क्लच लीवर टूट गया था। इसी बात को लेकर दोनों भाईयों में लड़ाई व मारपीट शुरु हो गया।

### एक-दूसरे पर करते रहे पत्थरों से हमला

दोनों भाईयों के बीच हो रही लड़ाई गंभीर रूप लेती जा रही थी। मारपीट के दौरान तिलेश्वर ने पत्थर उठाकर भूपेंद्र को मार दिया। इस हमले में भूपेंद्र के सिर पर चोट लगी थी। गुस्से में आकर भूपेंद्र ने भी जवाबी हमला करते हुए पत्थर उठाकर तिलेश्वर के चेहरे पर मार दिया। जिससे तिलेश्वर बेहोश होकर मुंह के बल जमीन पर गिर गया। भूपेंद्र ने जमीन पर पड़े तिलेश्वर को वनविभाग द्वारा बनाए गए फेंसिंग के तार के नीचे से खींचते हुए कुछ दूर ले जाकर जंगल में छोड़ दिया। जहां तिलेश्वर को जमीन में मुंह के बल लिटाकर भूपेंद्र ने वहीं पड़े पत्थर को दो बार उसके सिर के पीछे पटक दिया। इस हमले के बाद भी जीवित होने की आशंका के चलते भूपेंद्र ने तिलेश्वर के जूतों की रस्सी खोलकर उसका गला दबा दिया। घटना में उपयोग की गई सामान को इधर उधर फेंक सबूत मिटाने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी से फेंके गए पत्थरों व घटना स्थल से बड़ा पत्थर तथा टीशर्ट को बरामद कर लिया है।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**खबर संक्षेप**

## वरिष्ठ कांग्रेसी तोरण लाल साहू का निधन



**कुरुद।** भखारा के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तोरण साहू का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। तोरण साहू ग्राम पंचायत के समय मे भठेली (भखारा) के सरपंच रहे। सहकारी समिति भखारा के उपाध्यक्ष भी रहे। उन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, गतिविधियों में समर्पित किया। वे रामायण आयोजन समिति एवं दुर्गा उत्सव समिति के वर्तमान अध्यक्ष थे। छतीसगढ़ राज्य मानस संगठन भखारा तहसील के आजीवन सदस्य भी थे। रामायण आयोजन समिति और दुर्गाउत्सव समिति भठेली के अध्यक्ष के रूप में विगत कई वर्षो से उनके नेतृत्व में ही गांव के सभी सामाजिक सांस्कृतिक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा है। तोरण साहू सेवानिवृत शिक्षक फिरंगीलाल साहू के सुपुत्र थे। भगत जनरल स्टोर भखारा के प्रोपाइटर फनेन्द्र साहू के बड़े भाई, प्रोफेसर खेमराज साहू और भखारा संकुल समन्वयक मिकेश साहू के पिता थे। उनके अंतेष्टि में लेखराम साहू, भरत नाहर, हरखचन्द जैन, रामस्वरूप साहू, विनोद साहू के अलावा बड़ी संख्या में नाते-रिश्तेदार, जान-पहचान के लोग व नगरवासी सम्मिलित हुए।

## नामकरण के लिए सुझाव 6 मई तक

**बीजापुर।** जिला कार्यालय में स्थित सभाकक्ष क्रमांक 1 एवं 2 प्रतिक्षा कक्ष तथा विडियो कांफ्रेस कक्ष क्रमांक 1 एवं 2 का नामकरण करना प्रस्तावित है जिसके लिए जिले के आम नागरिकों सहित अधिकारी-कर्मचारियों से नामकरण हेतु सुझाव 6 मई तक आमंत्रित किया गया है। नामकरण के सुझाव जिले के भौगोलिक संरचना, प्रेरणादायक शब्द हो सकता है। प्रस्तावित नाम को समिति के समक्ष रखा जाएगा जिस नाम का चयन होगा उसे भेजने वाले आम नागरिक अथवा अधिकारी-कर्मचारी को सम्मानित किया जाएगा।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

## विहिप ने अवैध खनिज उत्खनन को...

अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार में निहित है। अनुच्छेद 21 यह घोषित करता है कि किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता के कानून द्वारा स्थापित प्रकिया के अनुसार वंचित नहीं किया जायेगा, यह अधिकार नागरिकों एवम गैर नागरिकों दोनों के लिए उपलब्ध हैं। हमारे जिले में अवैध रेत उत्खनन अवैध मुरूम उत्खनन, ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ावा देता है हमारे क्षेत्र का वायुमंडल लगातार दूषित हो रहा है। हमारे देश में दिल्ली उत्तरप्रदेश और हरियाणा सर्वाधिक प्रदूषित राज्य हैं। हमारा जिला भी राज्य के प्रदूषण को बढ़ाने में अग्रणी हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से नदियों में रेत का उत्खनन एवम बिना रायल्टी के अन्य खदानों से भारी वाहनों द्वारा किए जा रहे परिवहन को तत्काल प्रभाव से कारवाही करते हुए स्थाई रूप से प्रतिबंधित किया जाए। अन्यथा विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल उपरोक मुद्दे पर उग्र आंदोलन करने हेतु विवश होगा।

### लोकसभा चुनाव 2024 : मतदान का प्रतिशत बढ़ने से दोनों पार्टियों में उत्साह

# किस करवट बैठेगा ऊंट, आंकलन का दौर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




इतनी शादियों के बाद भी जिले में रिकार्ड तोड़ मतदान हुआ है। दोनों ही लीड पार्टियों के आलाकमान इसे अपने पक्ष में बता रहा है। इसके साथ ही वे जोड़-तोड़, गुना-भाग का गणित लगाने में व्यस्त है। दोनों ही पार्टियों का दावा है कि वे जिले की तीनों विधानसभा में जीत रहे हैं।

मतदान बाद भाजपा और कांग्रेस के जनप्रतिनिधि दूसरे जिले में तीसरे चरण के मतदान में अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुट गए हैं। इसके अतिरिक्त वे जिले में हुए मतदान में अपने पक्ष का वजन तौलने में जुट गए हैं। जिले के हर मतदान केंद्र से जानकारी मंगाई जा रही है। इस जानकारी के आधार पर हार-जीत का खाका तैयार किया जाएगा। कई स्थानों से जानकारी आ भी चुकी है। कुछ स्थानों से जानकारी आनी बाकी है। जिले की स्थिति देखें तो भाजपा ने पूरे जिले को 12 मंडल में विभाजित किया है। तीनों विधानसभा में 4-4 मंडल हैं। पहले पूरी जानकारी इन्हीं मंडलों में एकत्रित की जाएगा। इसके बाद ब्लाक में फिर जिला स्तर पर जानकारी एकत्रित की जाएगी। कांग्रेस पार्टी भी ऐसे ही जानकारी एकत्रित कर रही है। इनके अतिरिक्त महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में 8 निर्दलीय और 7 क्षेत्रीय दल के प्रत्याशी भी मैदान पर है। वे भी वोटों का आकलन लगाने में जुटे हुए हैं।

### इसलिए जरूरी है आंकलन

26 अप्रैल को जिस दिन जिले में मतदान हुआ, उस दिन शादियों का अंबार था। कई लोग शादी में शामिल होने के बाद जिले से बाहर थे। इसके बाद भी जिले में रिकार्ड तोड़ मतदान हुआ है। जिला प्रशासन का जागरूकता अभियान कारगर रहा। लोग मतदान को लेकर जागरूक हुए हैं। शादी समारोह के साथ लोगों ने मतदान को भी महत्व दिया। कई दुल्हा-दुल्हन ने तो पहले मतदान किया फिर फेरे लिए। स्थिति देखें तो पिछले लोकसभा चुनाव में 74 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि इस साल 76 प्रतिशत मतदान हुआ है। ज्यादा मतदान होने से दोनों ही पार्टियों में उत्साह है।

### लोगों को मोदी की गारंटी पर विश्वास



धमतरी जिले में हम दोनों ही लोकसभा जीत रहे हैं। मोदी की गारंटी पर लोगों को विश्वास है। कार्यकर्ताओं ने भी चुनाव में जी तोड़ मेहनत की है। भाजपा के पास विजन है, जिसके दम पर लोकसभा चुनाव भाजपा को रिकार्डतोड़ वोट मिला है। कांग्रेस के पास मोदी पर आरोप लगाने के अतिरिक्त और कुछ मुद्दा ही नहीं है।

- प्रकाश सिंह बैस, *जिलाध्यक्ष भाजपा*

### महालक्ष्मी न्याय का दिखा रिजल्ट



तीनों विधानसभा में कांग्रेस को लीड मिल रही है। चुनाव में प्रत्याशी की क्वालिटी काफी महत्व रखती है। ताम्रध्वज साहू जैसा कोई प्रत्याशी मैदान पर नहीं है। कांग्रेस ने महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपए देने का वादा किया है। यह घोषणा काम कर गई। आधी आबादी ने कांग्रेस पर भरोसा जताया है।

- शरद लोहना, *जिलाध्यक्ष कांग्रेस*

# कर्मठ कार्यकर्ताओं की मेहनत से पुनः सरकार बनाएगी भाजपा : रंजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

द्वितीय चरण के चुनाव संपन्न होने के उपरांत प्रदेश में होने वाले तृतीय चरण के चुनाव के लिए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू रायपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में प्रचार प्रसार कर रही हैं। वे भाटापारा शहर से सुभाष नगर वार्ड, ग्राम दतरेंगी, ग्राम देवरी, ग्राम तरेंगा, ग्राम सुमा में धुंआधार प्रचार कर रही हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती साहू ने कहा कि देश का विकास तभी संभव होगा जब हम अपने मतों का सदुपयोग करेंगे। आज पूरा देश भाजपा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ उठाकर भाजपा सरकार लाना चाह रही है।

## मेरा वोट-मेरा अधिकार...



धमतरी। जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, योगेश बाबर व पुत्र पुत्र अभिमन्यु बाबर ने सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# करेली बड़ी में 78 प्रतिशत मतदान हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



लोकसभा निर्वाचन 26 अप्रैल को सम्पन्न हुई है। ग्राम करेली बड़ी में खट्टी, करेली बड़ी में 5 पोलिंग बूथ बनाया गया। इसमें मतदाताओं का उत्साह देखने को मिला। युवा ,बुजुर्गों में जबरदस्त उत्साह रहा। शादी हो रहे युवक युवती भी लोकसभा में बेहतर सांसद चुनने अपना मत दिए। रायपुर समेत अन्य जगह में रहने वाले मतदाता भी वोटिंग करने पहुंचे। बुजुर्गों के लिए व्हीलचेयर की सुविधा भी देखने मिला। सुबह से वोटिंग के लिए मतदाताओं की भीड़ जुट चुकी थी। दोपहर होते तक मतदान केंद्र में सन्नाटा पसरा हुआ था। बूथ क्रमांक 214 में 724 मतदाता थे जिसमें 560 मत पड़े जिसका प्रतिशत 77.34 रहा। बूथ क्रमांक 215 में 1136 मतदाता में 879 मत पड़े जिसका प्रतिशत 78.5 रहा। बूथ क्रमांक 217 में 979 मतदाता में 721 लोगों का मत पड़े जिसका प्रतिशत 73.6 रहा। बूथ क्रमांक 218 के 1240 मतदाता में 967 लोगो ने मतदान किये। जिसका प्रतिशत 77.98रहा। खट्टी बूथ क्रमांक 219 में 731मतदाताओं में 631 लोगों ने वोट की जिसका प्रतिशत 84.95 रहा। कुल प्रतिशत 78 रहा। लोगों ने अपने मनपसंद प्रत्याशी को वोट कर लोकसभा निर्वाचन में सहभागिता व्यक्त की।

इस मौके पर सचिव दुष्यंत पटेल, सरपंच डोमार सिंह साहू, मेशकुमार साहू, दानेश्वर सिन्हा, हरीश ध्रुवंशी, प्रह्लाद राम, पूनम साहू, खेमलता साहू, टकेश्वरी पाल, चुनेश्वरी साहू, रीना बघेल, ओमप्रकाश साहू समेत मतदान दल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बारात जाने पूर्व दूल्हों ने मताधिकार का उपयोग किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

ग्राम अमलीडीह में कुलेश्वर साहू एवं टोपेश्वर साहू बारात जाने से पहले लोकतंत्र पर्व में अपने अधिकार का उपयोग किया। ग्राम अमलीडीह में भाजपा कार्यकर्ता की अगुवाई में कुलेश्वर साहू एवं टोपेश्वर साहू बारात जाने से पहले लोकतंत्र त्यौहार को हर्षोल्लास से मनाने के लिए अपना मत का उपयोग किया। उनके इस कार्य पर छन्नू राम साहू, घुर सिंह साहू, थनवार साहू, भुनुराम साहू, गुनेश्वर साहू, राधे साहू, बोधिराम साहू, कमलेश्वर साहू आदि हर्ष व्यक्त किया है।

# गोजी में विधवा मां ने सौंपा मौर



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गोजी में जिला साहू समाज के नियम के पालन करते हुए ग्रामीण साहू समाज गोजी के अध्यक्ष तुकाराम साहू ने अपने विधवा भाभी से अपने बेटा गोविंदा साहू का मौर सौंपवा कर आशीर्वाद प्रदान करवाया। इस अवसर पर जिला युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष इंदु साहू, तहसील सहसचिव संतोष साहू, तहसील महिला प्रकोष्ठ अन्नपूर्णा साहू, चिंवरी परिक्षेत्र अध्यक्ष पोखराज साहू, तेजराम साहू, परस साहू, गोविंद साहू, बरातू साहू आदि ने सहयोग प्रदान कर शुभाशिर्वाद प्रदान किया। वहां पर उपस्थित बारात और चौथिया के लोगों ने विधवा माता को सम्मान देने इस नियम को प्रशंसानीय एवं अनुकरणीय बताया।

जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, महासचिव यशवंत साहू, सचिव लीलाराम साहू, तहसील अध्यक्ष रोहित साहू, राधेश्याम साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष ललित चौधरी ने बताया कि हमारे जिला साहू समाज धमतरी द्वारा हमारी विधवा माता-बहनों को सम्मान दिलाने के लिए सामाजिक कार्यशाला के माध्यम से जागरूकता लाने का कार्य किया गया है। जिसका परिणाम है कि अब तक हमारे जिले में सैकड़ों की संख्या में विधवा माता-बहनों ने अपने पुत्र -पुत्रियों के विवाह में मौर सौंपकर आशीर्वाद प्रदान किया है।

# मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने महासमुंद की जनता ने अपना निर्णय ईवीएम में किया दर्ज : रूपकुमारी चौधरी

- जनता-जनार्दन ने विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा के पक्ष में किया भारी संख्या में मतदान
- भाजपा प्रत्याशी चुनाव प्रचार प्रसार के सुव्यवस्थित संचालन के लिए पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का माना आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भारतीय जनता पार्टी के महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी और पूर्व संसदीय सचिव रूपकुमारी चौधरी ने मतदान के दूसरे चरण में शुक्रवार को हुए मतदान में भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि महासमुंद लोकसभा की जनता ने विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में स्वस्फूर्त मतदान किया है।

श्रीमती चौधरी ने कहा कि भारी संख्या में मतदाताओं ने मतदान कर यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों के साथ कदम से कदम मिलाने को तैयार है। छत्तीसगढ़ की जनता अब कांग्रेस की घोर जनविरोधी नीतियों और पाखंडपूर्ण राजनीति से पूरी तरह मुक्ति चाहती है।

श्रीमती चौधरी ने दूसरे चरण में महासमुंद संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान और भाजपा के प्रति अपना अटूट विश्वास व्यक्त करने के लिए संसदीय क्षेत्र की जनता जनार्दन के साथ ही अनथक परिश्रम कर भाजपा के पूरे चुनाव प्रचार प्रसार के सुव्यवस्थित संचालन व अधिकतम मतदान कराने के लिए पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

श्रीमती चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की रीति-नीति, कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र को लेकर व्याप्त आक्रोश मतदान के जरिए व्यक्त होकर कांग्रेस की चूलें हिलाने वाला साबित होगा। महासमुंद संसदीय क्षेत्र की जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान करके यह दो टूक संदेश दे दिया है कि वह अब कांग्रेस के झूठ को बर्दाश्त नहीं करने वाली है और इसलिए पूरे प्रदेश में कांग्रेसमुक्त अभियान शुरू हुआ है। भाजपा के प्रति यही विश्वास और उत्साह पूरे प्रदेश में दिखाई दे रहा है और भाजपा का कमल प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर खिलेगा, इसमें कोई दो राय नहीं है।

श्रीमती चौधरी ने कहा कि हमारे पास सशक्त नेतृत्व है, मजबूत संगठन है। पिछले 10 साल का देश में काम करने का मोदी जी का ट्रैक रिकॉर्ड है और आने वाले 25 सालों के लिए 2047 के विकसित भारत का विजन। वहीं कांग्रेस के पास ना नेतृत्व है, ना संगठन है, ना ट्रैक रिकॉर्ड है, और ना ही विजन। इसलिए श्री मोदी के नेतृत्व पर महासमुंद की जनता ने मुहर लगाई है। शुक्रवार को हुए मतदान के बाद यह साफ हो गया है कि श्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए महासमुंद की जनता जनार्दन ने अपना निर्णय ईवीएम में दर्ज कर दिया है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि प्रदेशभर में मतदान के द्वितीय चरण में जनता की बढ़-चढ़कर की गई भागीदारी कांग्रेस और इंडी ठगबंधन के प्रति जनाक्रोश की अभिव्यक्ति का प्रमाण पत्र है।

### बच्चे परिणाम से हताश न हो : प्रधानपाठक

# समाधान एकेडमी स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड




समाधान एकेडमी स्कूल करेली बड़ी में 29 अप्रैल 2024 दिन सोमवार को कक्षा तीसरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों का परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें तीसरी में तेजस्वी साहू प्रथम, चंचल नगारची द्वितीय और श्रुति यादव तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 4थी में खेमाशु प्रथम, रोशनी द्वितीय और रेशमी पाल को तृतीय स्थान मिला । कक्षा पांचवी में तुशांत विश्वकर्मा प्रथम, उत्कर्ष साहू द्वितीय, जान्हवी साहू, तृतीय स्थान प्राप्त किए। कक्षा 6वीं में काव्यांजली को प्रथम, मनीष ध्रुव द्वितीय और देवीप्रभा साहू को तृतीय स्थान मिला। कक्षा 7वीं में त्रिलोक प्रथम, वर्षा निषाद द्वितीय और ओमप्रकाश तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8वीं में सानिया प्रथम, लोकेश्वरी द्वितीय और लेखराम को तृतीय स्थान मिला। प्रधान पाठक सी.एम. साहू ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि सफलता में सिर्फ विद्यार्थी की भूमिका ही नहीं बल्कि शिक्षक, माता-पिता, दादा दादी, और सभी परिवार जनों का भी हाथ होता है। भावी जीवन में बच्चों को अनेक परीक्षाओं से गुजरना है अतः हताश नहीं होना है।

इस अवसर पर अभिभावकगणों पालक समिति अध्यक्ष रोशन साहू, मंजू सारथी, रिशमा साहू, गीतेश्वर साहू, उत्तम साहू, अनिल साहू, राधे निषाद, सोमप्रकाश साहू, सतीश यादव, आदि उपस्थित थे। वहीं शिक्षकगणों में टिकेश्वर ध्रुव, गोदावरी साहू, उत्तम साहू, भूपेंद्र साहू, कांति निषाद, भाग्यश्री साहू, कुंती साहू, उपासना यादव, जागेंद्र साहू उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
- हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
- राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क, एवं किडनी रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ अक्षय वैद — MS,MCh, Neurosurgeon
डॉ करण सराफ — MD,DM Nephrologist
डॉ आशु जैन — MS,MCh, Neurosurgeon
पंजीयन आवश्यक - 7389936624

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98361-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 77488-10431, मगरलोड - 97526-17558, सिर्री - 99261-66875, जीवानमगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप



### प्राशा महेंद्रपुर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**दुर्गूकोंदल।** प्राशा महेंद्रपुर में पहली से पाँचवी तक का वार्षिक परीक्षाफल परिणाम घोषित किया गया और मेधावी छात्रों को शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रतीराम जैन द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरुस्कार वितरण किया गया। पहली कक्षा में प्रथम पुनीता मरकम, द्वितीय विद्या जैन, दूसरी कक्षा में प्रथम मयंक उयके, द्वितीय सानिया कोर्राम, तीसरी कक्षा में नियंता हुर्रा, द्वितीय रमिता पोटाई, चौथी कक्षा में प्रथम राहुन जैन और पाँचवी कक्षा में रीमा जैन और द्वितीय रेशमा जैन रही। इस अवसर पर रामेश्वर जैन, लालूराम नरेटी, सुखुराम नेताम, देवाराम कोठारे, जागेश्वर जैन, बिन्दा सलाम, अशवन जैन, सुमित्रा कोठारे आदि उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगा दी जान, पुलिस जांच शुरू

**कांकेर।** कोतवाली थानांतर्गत अंजनी के एक किसान के खेत की ओर मृतक 27 वर्षीय पवन यादव पिता अरूण ने 28 अप्रैल को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बड़ेपारा अंजनी निवासी 30 वर्षीय लोमेंद्र यादव पिता धन्नूराम ने पुलिस को बताया कि मृतक सुबह 10 बजें से अपने घर से निकला था और दोपहर 2 बजें जानकारी मिला कि पवन ने खेत की ओर साजा पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत सुरावंड निवासी 42 वर्षीय मनोज पिता स्व. काशी राम का ईलाज के दौरान 26 अप्रैल की रात 8 बजें रायपुर के अस्पताल में मौत हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक को हार्ट अटैक आया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### प्रधानपाठक के साथ पांचवीं व आठवीं के बच्चों को दी विदाई

**चारामा।** सत्र के अंतिम दिन में परीक्षा परिणाम घोषित कर ग्राम रतेसरा के प्राथमिक विद्यालय प्रधानपाठक बृंदा खापर्डे और कक्षा पांचवीं एवं आठवीं के बच्चों को विदाई सम्मान दिया गया। सेवानिवृत होने जा रही बृंदा खापर्डे और कक्षा पांचवी एवं आठवीं के बच्चों को शाला प्रबंधन समिति एवं शिक्षक परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह,पेन, श्रीफल,साल, साड़ी एवं विभिन्न भेंट किया गया। प्रधान अध्यापिका ने अपने शैक्षिक जीवनकाल की बखान किया वही स्कूली बच्चों ने अपनी खट्टी मीठी यादें साझा किया। इस सत्र के बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर रागिनी कांगे को उसके उत्कृष्ठ शैक्षिक एवं अन्य स्कूली गतिविधियो में उपलब्धि के लिए मोमेंटो और प्रमाण पत्र दिया गया। कक्षा आठवीं के बच्चों ने स्कूल को भी स्मृति तौहफा भेंट किया। शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार साहू द्वारा कक्षा आठवीं के सभी छात्र को जैकेट और छात्रा को साड़ी भेंट किया गया। विदाई समारोह में संकुल प्राचार्य एआर ध्रुव, समनवयक वीरेंद्र मेहता, शाला प्रबंधन समिति सदस्य भगवान सिंह कुमेटी, भगवान सिंह कांगे, घासी राम केमरो, प्रधानपाठक सीताराम सलाम, रामेश्वरी तारम, कुंती महावीर आदि शामिल रहे।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बुजुर्ग गंभीर

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्रीन पाम होटल के पास मेन रोड में बीती रात को अज्ञात व्यक्ति ने अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बुजुर्ग को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। बुजुर्ग के बेटे ने थाना में अज्ञात के खिलाफ एक्सीडेंट करने का मामला दर्ज कराया है। कांकेर थाना में शिकायत कराने पहुंचे आदर्श नगर कांकेर निवासी 45 वर्षीय विनोद मोटवानी पिता अशोक कुमार मोटवानी ने पुलिस को बताया कि 22 अप्रैल की रात साढ़े 11 बजे मेरे पिता अशोक कुमार मोटवानी को वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्रीन पाम हॉटल के बाहर छोड़ा था।

आवागमन सुलभ होगा, दुर्घटना में आएगी कमी

# ट्रैफिक समस्या से निबटने स्टेट हाईवे चौड़ीकरण की मांग उठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर की बदहाल ट्रेफिक समस्या से निजात दिलाने स्टेट हाईवे की चौड़ीकरण अतिशीघ्र कराने की मांग उठने लगी हैं। ताकि लोगों को अपने गंतव्य पहुंचने में आसानी हो और दुर्घटना में भी कमी आए। बायपास रोड बनने से तो काफी हद तक लोगों को राहत मिली है। 30 प्रतिशत हैवी वाहन अब शहर प्रवेश नहीं कर रहे हैं। इससे अब लोग सुकून महसूस कर रहे हैं। इसी तरह शहर के चार स्टेट हाईवे सिहावा रोड, मुजगहन रोड, रूद्री रोड, लक्ष्मी निवास से नहरनाका तक फोरलेन बनाने 120 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। राशि नहीं मिलने से काम रूका हुआ है। अब प्रदेश में नई सरकार का गठन हुआ है। धमतरीवासियों को उम्मीद बंधी है कि भेजी गई प्रस्ताव को हरी झंडी मिलती है तो काम शुरू होने में देरी नहीं लगेगी।



### 120 करोड़ का प्रस्ताव, अधर में शहरवासी

शहरवासी दीपेश शर्मा, विवेक चौहान, कपिल सेन, पृथ्वी राज कुटारे, सुनील उपाध्याय आदि का कहना है कि सड़कों के मामले में धमतरी शहर बेहद कमजोर है। जिला मुख्यालय होने के बाद भी सड़कों की स्थिति ठीक नहीं है। चौक-चौराहों की सुंदरता गायब है। अंदरूनी मार्ग बेहद संकरी है। मुख्य मार्ग में ट्रेफिक का दबाव अधिक है। इसे दूर करने शहर के छोर में स्थित चार स्टेट हाईवे मार्ग का चौड़ीकरण आवश्यक है। इन सड़कों के लिए भेजा गया प्रस्ताव भी अधर में है। समय पर फालोअप नहीं होने से फाइल पेंडिंग में है। धमतरी को जिला बने 25 साल हो गए हैं लेकिन सड़कों की स्थिति नहीं सुधरी। नेशनल हाईवे मार्ग अवैध कब्जों की चपेट में है। स्टेट हाईवे संकरी होती जा रही है। चौड़ीकरण के लिए कोई विशेष प्रयास नहीं हो रहा है। जबकि बढ़ती जनसंख्या को देखने हुए तत्काल चौड़ीकरण होना चाहिए।

### • चारों सड़क के लिए लागत

सूत्रों के अनुसार अम्बेडकर चौक से गंगरेल मार्ग फोरलेन 44 करोड़, सिहावा चौक से नहर नाका तक 27 करोड़ की लागत, रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक करीब 32 करोड़ की लागत से, लक्ष्मी निवास से नहरनाका तक 8 करोड़ की लागत से फोरलेन सड़क बनाने प्रस्ताव था।

### • फालोअप करेंगे

पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर एमडी पैकरा ने बताया कि चार मार्गों के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। स्वीकृति नहीं मिली है। फालोअप करने के बाद शासन को संज्ञान में लाई जाएगी। इसके लिए तैयारी चल रही है। चारों सड़क को फोरलेन बनाया जाएगा। चुनाव आचार संहिता के बाद कार्रवाई पुनः की जाएगी।

# अनुविभागीय अधिकारी ने दिया उप अभियंता को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग कुरूद के अनुविभागीय अधिकारी ने दिया ऊप अभियंता पवन ध्रुव को नोटिस। जिसमें उल्लेखित कर बताया गया है कि ठेकेदार मेसर्स नितेश अग्रवाल डी वर्ग ठेकेदार द्वारा दिनाँक 19/04/2024 को व्यवहार न्यायालय कुरुद, तहसील व थाना कुरुद, जिला धमतरी नोटिस के माध्यम से अगवत कराते हुए लेख किया गया कि नवीन तहसील कार्यालय भवन भखारा कार्य को उनके द्वारा विधिवत अनुबंधित शर्तों के तहत समय सीमा में पूर्ण करा लिया गया था। किन्तु उक्त कार्य का अन्तिम देयक अब तक अप्राप्त है । जबकि पूर्व में उक्त संदर्भित कार्यालयीन पत्रों के माध्यम से उप अभियंता पवन ध्रुव को कई बार लेख किया गया था कि उक्त कार्य का सम्बधित ठेकेदार की उपस्थिति में यदि कार्य का किसी आयटम का मूल्यांकन शेष है तो तत्काल देयक तैयार कर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें या यदि ठेकेदार द्वारा किये गये कार्य का सम्पूर्ण आयटमों का देयक आपके द्वारा पूर्व में तैयार किया जा चुका हो तो इस आशय का लिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। किन्तु उक्त सब इंजिनियर ने दिनाँक 25 अप्रैल तक ना ही कार्य का अन्तिम देयक तैयार कर प्रस्तुत किया और ना ही इस सम्बन्ध में कोई प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त सब इंजिनियर के द्वारा लापरवाही और कार्यों के आदेश की अवहेलना की जा रही है।

उक्त नवीन तहसील भवन के निर्माण कार्य करने वाले परेशान ठेकेदार ने अंतिम देयक कार्य पूर्ण होने के 16 माह होने के बावजूद अटके होने के कारण , ठेकेदार द्वारा सिविल न्यायालय कुरूद और पुलिस थाना कुरूद में की गई शिकायतों पर विभाग को मिले निर्देशों पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग कुरूद के अनुविभागीय अधिकारी ने न्यायालीन नोटिस के आदेश से अवगत करा कि नवीन तहसील कार्यालय भवन भखारा का शेष आयटमों अन्तिम देयक तैयार कर 03 दिवस के भीतर के कार्यालय में प्रस्तुत करें। यदि आपके द्वारा समय रहते सम्बधित ठेकेदार का अन्तिम शेष आयटमों का देयक तैयार नही किया जाता तो उप अभियंता के विरुद्ध विरुद्ध ठेकेदार द्वारा उपभोक्ता फोरम, उच्चस्थ संस्था तथा माननीय उच्च न्यायालय में वाद दायर किया जावेगा। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदार उप अभियंता की ही होगी होगी साथ ही साथ नोटिस का खर्च अधिवक्ता शुल्क 5000.00 रु. देने की भी जवाबदारी भी होगी। अतः उक्त कार्य का देयक जल्द से जल्द तैयार कर प्रस्तुत करें, या वस्तुस्थिति से लिखित रुप से अवगत कराया जाए, अन्यथा उप अभियंता पवन ध्रुव विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु वरिष्ठ कार्यालय को लेख किया जावेगा।

## कुण्डेल मतदान केंद्र में नींबू और ओआरएस पानी मतदाताओं को मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

■ कुण्डेल में 74 प्रतिशत मतदान हुआ

लोकसभा निर्वाचन 26 अप्रैल को हुईं। इस बार ग्राम पंचायत कुण्डेल सचिव भागवत देवांगन के मार्गदर्शन में मतदाताओं के लिए ठंडे पेयजल और छाया की व्यवस्था की गई थी। जहां 2 पोलिंग बूथ में 74 प्रतिशत मतदान हुई है। मतदाताओं के लिए नीबू पानी और ओआरएस पानी मटके में भरा हुआ था जिसे सभी मतदाताओं को बांटा गया। मतदान में हाई स्कूल के छात्रों, कोटवारों का सहयोग रहा। बूथ क्रमांक 231 में 74.52 प्रतिशत मतदान हुआ और बूथ क्रमांक 232 में 74.70 प्रतिशत मतदान पड़ा। इस कार्य मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग बना रहा।

# सिंध शक्ति महिला संगठन का 14 को एक पिकनिक दादी मां के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



एक शाम बुजुर्गों के नाम इस तर्ज पर सिंध शक्ति महिला संगठन एवं पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में एक पिकनिक दादी मां के नाम पर मकई गार्डन में होने जा रहा है। 14 मई को शाम के 5 दादी मां की पिकनिक का आयोजन किया जा रहा है। इस ही क्रम में सोमवार को पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष चंदूलाल जसवानी, बंटी वाधवानी, अशोक बुधवानी, पार्वती वाधवानी, साक्षी वाधवानी, संगीता वाधवानी, रोमा राहुजा, सिमरन वाधवानी ने मकई गार्डन का निरीक्षण किया। दादी लोगों के लिए कैसी व्यवस्था करनी चाहिए इस पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष चंदू जसवानी ने कहा कि हमारे बुजुर्ग माताएं एवं दादी अपने घरों में रहती हैं उन्हें एक दिन उनके नाम पर एंजॉय करने के लिए यह एक शाम बना रहे हैं। इस एक शाम में वे यहां पर आकर इंज्वाय करेंगी। इस अवसर पर सिंध शक्ति महिला संगठन की अध्यक्ष सुश्री पार्वती वाधवानी ने कहा की सभी लोग अपना जन्मदिन मनाते हैं लेकिन दादियों का जन्मदिन कब आता है उन्हें पता नहीं रहता। क्योंकि यह 60 साल से 100 साल की दादी भी मौजूद हैं।

इस पिकनिक में शामिल होने इस बार पाकिस्तान से भी लोग आए हैं। तब के लोगों को अपना जन्मदिन भी याद नहीं रहता है ऐसे समय में जब हम उनसे केक कटवाते हैं तो उनके चेहरे पर मुस्कान देखते बनती है। इस अवसर पर रोमी सावलानी ने कहा दादियों की पिकनिक अद्भुत रहती है इसे कई लोग देखने के लिए आते हैं। इतनी बुजुर्ग महिलाएं लोग जब एक साथ बैठी है और एक दूसरे से चर्चा करती हैं और बात करती हैं पुरानी सखी सहेलियां से मिलती हैं तो उसके चेहरे की मुस्कान देखने के लायक होती है। सिंध शक्ति महिला संगठन की सभी सदस्य तैयारियों में जुटी हुई हैं।

## 94 वर्षीय प्रेमबाई व्हीलचेयर से पहुंची मतदान केंद्र

**कोर्रा(भखारा)।** भखारा क्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी निवासी प्रेमबाई 94 वर्ष ने 26 अप्रैल को व्हीलचेयर में बैठकर मतदान केंद्र तक पहुंची। ईवीएम मशीन ऊंची टेबल पर थी। प्रेमबाई ठीक से खड़ी नहीं हो सकती है। उनकी मनपसंद के प्रत्याशी पूछकर उनके पुत्र बाल्मिक हरदेव ने बटन दबाया। प्रेमबाई ने बताया कि मशीन तक नहीं पहुंच जाने के कारण मेरे बड़े पुत्र बाल्मिक हरदेल को फॉर्म भरकर बटन दबाने को कहा और उसकी उंगली में अमिट स्याही लगाई गई। खड़े नहीं हो सकने के कारण मैं बटन नहीं दबा पाई। इस कारण मेरी उंगली में स्याही नहीं लगाई गई। इसका मुझे मलाल है।

# आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज तहसील नगरी की वार्षिक महासभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज तहसील नगरी की वार्षिक महासभा 28 अप्रेल को फरसियां के महामाया मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम थीं। अध्यक्षता समाज के तहसील अध्यक्ष छेद प्रसाद कौशिल ने की। विशेष अतिथि के रूप में समाज के जिला अध्यक्ष माधव ठाकुर, जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द नेताम, धमतरी अध्यक्ष जयपाल ठाकुर, मगरलोड अध्यक्ष नारायण ध्रुव,फरसियां सरपंच मीना देवी शाण्डिल्य, सांकरा सरपंच शशि ध्रुव,तुला राम ओटी,गजरु राम मरकाम तथा धनसिंह नेताम उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि श्रीमती मरकाम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाजिक महासभा औपचारिक मिलन समारोह है जहां चुने हुए शब्दों पर रणनीति व विचारों पर मंथन होता है।हम इसके माध्यम से समाज के प्रति समता और समर्पण को प्रकट करते हैं। उन्होंने महिलाओं एवं युवतियों की खासी उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज लड़कियां शिक्षा के क्षेत्र में लड़कों से आगे हैं । लड़कियां पढ़ लिखकर विकास गढ़ रही। लड़कों के कम पढ़े-लिखे होने के कारण रिश्ता तय करने में से काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने लड़कों को पढ़ाई के लिए प्रेरित भी किया तथा व्यवसाय के क्षेत्र में क़दम रखने का सुझाव भी दिया। जिला अध्यक्ष माधव ठाकुर ने पूरे जिला में सामाजिक व्यवस्था को तालमेल के साथ संचालित करने के लिए एक जिला एक नियमावली का सुझाव दिया।

धमतरी अध्यक्ष जयपाल ठाकुर ने भी प्रेरक उद्बोधन प्रस्तुत किया। नगरी के युवा व्यवसायी संजय नेताम ने युवाओं के केरियर से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा निर्देश व मार्गदर्शन दिया। जिसकी काफी प्रशंसा हुई। समाज सेवी गुलाब सिंह ध्रुव नगरी, टीकम गंगेश खड़पथरा, नूतन कुंजाम नगरी, नरेश छेदैहा नगरी , श्रीमती कुंती ठाकुर नगरी, भुषण मरकाम चर्रा, बला राम नेताम गढ़डोंगरी, मेहत्तर मरई करैहा, गजरू राम मरकाम अमाली, हरिराम छेदैहा मैनपुर, बुधन्तीन नेताम नगरी तथा अनीता ध्रुव सांकरा को उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। महासभा के प्रमुख विषयों में युवाओं को रोजगार, शिक्षा, समाज की रुढ़ीजन्य प्रथा का संरक्षण, सामाजिक नियमावली का वितरण, आय व्यय की जानकारी, जटिल समाजिक प्रकरणों का निराकरण शामिल था। रातभर चले इस महासभा की सम्पूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी उपक्षेत्र फरसियां को दी गई थी। कार्यक्रम का संचालन हुलास सुर्याकर तथा आभार प्रदर्शन महासचिव नरेश छेदैहा ने किया।

इस अवसर पर लोकेश मरकाम, भांवत राम ध्रुव, सुरेश ध्रुव ,टीकम गंगेश,माखन ध्रुव सुरेंद्र राज ध्रुव,सुरेंद्र ध्रुव, परसादी राम चंद्रवंशी, मधूलाल सुर्याकर, महेंद्र कुमार नेताओं, बुधियारिन बाई ध्रुव, रामस्वरूप सामरथ, अमोल ध्रुव, हीरालाल पडोटी, सुरेंद्र सोरी, चिंता राम मण्डावी, सीता राम नेताम, सियाराम नेताम, चमरू राम ध्रुव, जागेश्वर ध्रुव, अमरसिंह मरकाम, केदारनाथ मण्डावी, रामप्रीत ध्रुव, ईश्वर ध्रूव, मंगतू राम नेताम, नारद ध्रुव, अवध राम मरकाम, धनराज ध्रुव, सोनेंद्र ध्रुव, संत नेताम, नीलू छेदैहा, नरसिंह मरकाम, पुरन नेताम, हीरा सिंह मरकाम, मदन मण्डावी, कांता कुंजाम, स्कंद ध्रुव, युवराज ध्रुव के अलावा सामाजिक जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कवि नारायणलाल परमार की 22वीं पुण्यतिथि पर साहित्यकारों ने किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिला हिन्दी साहित्य समिति द्वारा छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त गीतकार कवि स्व.श्री नारायण लाल परमार की 22 वीं पुण्यतिथि पर सार्थक स्कूल धमतरी में साहित्यकारों ने श्रद्धा-सुमन अर्पित की। सर्वप्रथम यशस्वी गीतकार कवि स्व.नारायण लाल परमार की बड़ी बिटिया डॉ. रचना मिश्रा, धमतरी जिला हिन्दी साहित्य समिति के अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव, संरक्षक सुरजीत नवदीप, मदन मोहन खंडेलवाल, दीप शर्मा, डॉ. भूपेन्द्र सोनी, हेमनाथ यदु, नरेश चंद्र श्रोती, आकाशगिरी गोस्वामी, भूपेन्द्र मानिकपुरी, मोहम्मद तारिक, चंपेश्वर राजपूत, प्रेमशंकर चौबे ने तैल चित्र पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर संरक्षक श्री नवदीप ने कहा कि नारायण लाल परमार का साहित्य जीवन मूल्य की शाश्वता को प्रतिपादित किया है। परमार जी ने पूरे हिन्दुस्तान में धमतरी को साहित्यिक पहचान दी। अपने साहित्य में अनावश्यक जीवन विरोधी, हानिकारक मूल्यों को उखाड़ फेंकने तथा नष्ट करने के लिए जरुर संघर्ष किये क्योंकि रचनाकार जीवन के लिए जरूरी मूल्यों की रक्षा करता है। डॉ.रचना मिश्रा ने कहा कि - मैं नारायण लाल परमार की बड़ी बेटी हूं इसका मुझे गर्व है। उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर पद्मश्री पंडित मुकुटधर पाण्डेय के माध्यम से पता चला कि वे कितने बड़े गीतकार कवि हैं। पापा जी के माध्यम से पाण्डेय जी के समीप जाने का सुअवसर प्राप्त हुआ। बाद में पापा जी के सम्मोहित कर देने वाली लेखनी से प्रभावित हुआ। अध्यक्ष श्री डुमन लाल ध्रुव ने कहा - दादा परमार जी के साथ साहित्य के विभिन्न पक्षों पर बारी बारी से चर्चाएं होती थी। परमार जी के श्रेष्ठ गीतकार कवि होने के पीछे मौजूद उनके संघर्ष को कहा जा सकता है। परमार जी गीत लिखते हुए अपनी संवेदनात्मक अनुभूति और जीवन यथार्थ के साक्षात्कार से जीवन अनुभवों के विस्तार और मनुष्य के भविष्य के प्रति सजग अपनी काव्य चेतना के सहारे उत्तर की तलाश करते थे। प्रलोभन थे बहुत लेकिन नियम संयम नहीं टूटे।

श्री मदनमोहन खंडेलवाल ने कहा - परमार जी में साहित्य के प्रति अनन्य समर्पण भाव था और नए रचनाकारों के प्रति सहज आकर्षण। परमार जी के गीत जब धर्मयुग से लेकर हिन्दुस्तान भर में प्रकाशित होते थे हम लोग भाव विभोर होकर पढ़ते थे। बड़े सम्मोहक गीतकार थे। श्री हेमनाथ ने यदु ने कहा समय-समय पर परमार जी के रचनाओं ने मुझे आकर्षित किया। कविता की चित्रात्मक प्रस्तुति उसके कथ्य को ज्यादा जीवंत और प्रभावी बनाती है। सचिव डॉ. भूपेन्द्र सोनी ने कहा कि किसी भी रचनाकार को पूरी गहराई के साथ जानने समझने के लिए धैर्य चाहिए। परमार के गीतों में शिल्प की नवीनता है। कवि दीप शर्मा ने बताया कि निकष परमार के साथ कक्षा पहली से लेकर पांचवीं तक की पढ़ाई मोती लाल नेहरू स्कूल धमतरी में एक साथ की। अच्छी मित्रता भी रही। जो परमार जी के सुपुत्र हैं। कक्षा में परमार जी की पाठ्यक्रम में सम्मिलित रचना को पढ़कर जानने की उत्सुकता दिनों दिन बढ़ने लगी क्योंकि जीवन में प्रतिदिन कुछ न कुछ सीखना होता है और जब यह पाने की खुशी मन के साथ एक रस हो जाती है तो वह दिन जीवन का सचमुच में उजला दिन होता था। लौट कर आती है तारीखे मगर वो दिन लौट कर नही आता पिता के बाद कोई नही रहा जो मुश्किलों को आसान बनाता एक आंधी ऐसी चली की सपनों के किले ढह गए जज्बात भीतर सिसकते रहे जो थे अरमान सारे बह गए एक परिवार में मौत उसकी नही हुई जो मर गया मौत उनकी हुई जो रह गए। रंगकर्मी और कवि आकाश गिरी गोस्वामी ने काव्यपंक्ति के माध्यम से श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## शासकीय माध्यमिक शाला सेमरा में दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा



शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला सेमरा में सेवानिवृत्ति प्रधान अध्यापिका अशोक कुमारी सहारे एवं उच्च वर्ग शिक्षक संभव कुमार ध्रुव को उनके सेवानिवृत होने पर शाला प्रबंधन समिति एवं पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्ति पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सत्र 2023-24 के परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। इस अवसर पर घनश्याम साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत सेमरा, कन्हैया लाल डोटे अध्यक्ष माध्यमिक शाला प्रबंधन समिति सेमरा, हीरालाल साहू अध्यक्ष प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति सेमरा, दिनेश देवांगन, कमल सेन, कुमारराम डोटे, दिलीप साहू, अमृत देवांगन, झामिन साहू, विजय देवांगन, लक्ष्मण सिन्हा, सहारे सर, शिक्षकगण प्रमोद साहू संकुल समन्वयक, भीनित सोनबोईर, कश्यप सर, बघेल मैडम, ध्रुव मैडम, हेमंत बघेल, शिवकुमार बंजारे, ललिता साहू, देवचंद यादव आदि उपस्थित थे।

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉंसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### दुल्हन ने अपने मत का किया प्रयोग

**मगरलोड।** 26 अप्रैल को महासमुंद लोकसभा का निर्वाचन हुआ जिसमें मतदाताओं ने अपना मत का उपयोग किया। इसी दिन 26 अप्रैल को ग्राम भोथा(कुण्डेल) में निषाद परिवार में नीतू निषाद पिता टीकम निषाद की शादी हो रही थी। दुल्हन ने मेहंदी लगे वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भोथा मतदान केंद्र 216 में मत का प्रयोग किया। शुक्रवार को ग्राम सिंगपुर से बारात भी पहुंचा था।

### बुजुर्ग, दिव्यांग सहित नये मतदाताओं ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा



**अंवरी।** लोकतंत्र के महापर्व में ग्राम बगौद में बुजुर्गों और दिव्यांग मतादाताओं ने बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ हिस्सा लेकर मतदान किया। इस अवसर पर बुजुर्ग और दिव्यांग मतादाताओं को मिलने वाली सुविधाओं को उन्होंने सराहा। इसके अलावा लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर युवा मतदाता काफी उत्साहित रहे।

### इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी में हनुमंत लला का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मना

**धमतरी।** इस वर्ष भी इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी में हनुमंत लला का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह गलियों की साफ-सफाई कर जगह-जगह रंगोली बनाकर व पूरी कॉलोनी में धर्मध्वजा व तोरण फहराकर कॉलोनी को दुल्हन की तरह सजाया गया था। बच्चों में हनुमान जी, श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता के गेटअप में तैयार होने की बड़ी उत्सुकता थी। शाम को बड़ी संख्या में बच्चे विभिन्न गेटअप में तैयार होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे। टीम कौशल द्वारा सुन्दरकाण्ड व टीम भावना द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। क्षमा याचना, प्रार्थना के साथ महाप्रसादी का वितरण किया गया।

मोटरसाइकिल रैली एवं भव्य शोभायात्रा के साथ समाज की एकता एवं जागरुकता का दिया संदेश

# कुरुद साहू समाज ने मनाया दानवीर भामाशाह महोत्सव

## समाज को सुशिक्षित एवं संस्कारवान बनाना हम सबकी जिम्मेदारी : अवनेन्द्र साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

तहसील साहू समाज कुरुद के द्वारा अपनी मातृभूमि, धर्म संस्कृति की रक्षा हेतु संपूर्ण संपत्ति दान करने वाले तेली समाज के वैभव दानवीर भामाशाह की जयंती महोत्सव का आयोजन तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण साहू समाज के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के अतिथि अवनेंद्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी, मालक राम साहू उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ, चितरंजन साहू उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ, रघुनंदन साहू पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, शारदा साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, तपन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत, सुमन संतोष साहू सभापति जिला पंचायत धमतरी, मंजू प्रमोद साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत कुरुद थे। कार्यक्रम में मोटर सायकल यात्रा प्रारंभ के पूर्व समस्त सामाजिकजनों एवं अतिथियों ने मां चंडी मंदिर पूजा अर्चना की। तहसील युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देवव्रत साहू के नेतृत्व में युवाओं द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। सामाजिक परिसीमन के बाद प्रथम निर्वाचित तहसील साहू संघ कुरुद के अध्यक्ष राधेश्याम साहू के द्वारा समस्तजनों को दानवीर भामाशाह जयंती आयोजित कार्यक्रम पर हर्ष व्यक्त किया। तत्पश्चात समाज के देवी देवताओं के जयकारे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। दानवीर भामाशाह का भव्य झांकी बनाकर धुमाल पार्टी के साथ महिला-पुरुष, बच्चे नाचते-गाते, आतिशबाजी करते, खुशी मनाते, कलश धारण कर, भामाशाह ध्वज लहराते, जयकारा लगाते, अपने समाज की एकता और जागरूकता का परिचय देते हुए शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। शोभायात्रा मां चंडी मंदिर से पुराना बाजार चौक, सरोजिनी चौक, कारगिल चौक, सूर्य नमस्कार चौक से पुरानी मंडी पहुंची जहां कार्यक्रम के अतिथिगण समाजिकजनों के साथ विशाल जनसमुदाय द्वारा दानवीर भामाशाह की महाआरती की गई।





कार्यक्रम में तहसील उपाध्यक्ष गायत्री साहू द्वारा स्वागत भाषण के माध्यम से सामाजिक संगठन की एकता पर जोर दिया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समाज के गौरवरूपी पूर्वजों द्वारा समाज और जनहित में किए गए कार्यों का स्मरण करते हुए सामाजिक विकृतियों को दूर करते हुए समाज हित में हमेशा संगठित रहने की बातें कही। समाज के नेतृत्वकर्ता द्वारा समाज को सशक्त, संगठित और आगे बढ़ाने के लिए किये जा रहे कार्यों में सहयोग करना सबसे बड़ा समाज सेवा बताया। तहसील के अंतर्गत आने वाले सभी परिक्षेत्र अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, ग्रामीण अध्यक्षों, दानदाताओं को श्रीफल, गमछा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर भामाशाह सम्मान से अलंकृत किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गोपाल साहू, डॉ. क्षितिज साहू टेकराम साहू, बसंत साहू, प्रेमलाल साहू, रविंद्र साहू, तुलसीराम साहू, रोशन साहू, मोहन साहू, ओकेश साहू, मालकराम साहू का सम्मान किया गया।

शोभायात्रा का विभिन्न संगठनों एवं समाज द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला साहू संघ धमतरी के सचिव लीलाराम साहू, संगठन सचिव केशव साहू, राजेंद्र साहू, कुंती साहू, ललित चौधरी, रोहित साहू, टेकराम साहू, टीकाराम साहू तहसील साहू समाज कुरूद के अध्यक्ष राधेश्याम साहू, रमेशर साहू, गायत्री साहू उपाध्यक्ष, लिखनराम सचिव, सुशील साहू कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ सलाहकार सोमन लाल, प्यारे लाल, इंद्रमण साहू, दुर्गेश साहू, रामायण लाल, गोकुल, गैंदा राम, सह सचिव शेखन राम, संतोष कुमार, दानेश्वर साहू, भंवर लाल उपकोषाध्यक्ष, कमलनारायण अंकेक्षक, महेंद्र साहू कर्मचारी प्रकोष्ठ, संगठन मंत्री लकेश्वर साहू, जागेश्वर साहू, गोधन राम, प्रेमलाल, वीरेन्द्र, निरंजन, युवा प्रकोष्ट देवव्रत, भारत राम, कुलदीप, डुमेश साहू, छत्रपाल, व्यापारी प्रकोष्ट ओमेश्वर साहू, महिला प्रकोष्ट दुर्गा साहू, जानकी साहू, यमुना साहू, कामिनी, अन्नपूर्णा, सतरूपा, प्रभा, सरस्वती, परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रेमचंद साहू बानगर, पोखराज चिंवरी, पोषण राम मौरीखुर्द, कमलेश साहू दरबा, रिखी राम बागौद, रामप्यारे साहू कुरूद, संरक्षक मनीष साहू, मीडिया प्रभारी भुनेश्वर साहू, श्रवण साहू, गणेशराम के साथ तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारी, सदस्य एवं सामाजिकजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अंत में तहसील साहू संघ कुरुद के उपाध्यक्ष रमेशर साहू ने आभार व्यक्त किया।

## दानवीर भामाशाह की जयंती पर नेत्रदान की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरुद नगर निवासी रोशन साहू ने दानवीर भामाशाह की जयंती एवं अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में नेत्रदान करने की घोषणा कर घोषणा पत्र सिविल अस्पताल कुरुद के नेत्र रोग शाखा को प्रदान किया है। उन्होंने यह घोषणा खण्ड नोडल अधिकारी डॉ. क्षितिज साहू के प्रेरणा से किया है। जिस पर डॉ साहू ने रोशन की प्रशंसा करते हुए जनमानस को नेत्रदान को परम्परा के रूप बनाये रखने एवं अन्य लोगों को भी इस पुनित कार्य के लिए आगे आने की बात कही। इस अवसर पर डॉ लोमश कुर्रे उपस्थित थे।

## गुरुकुल स्कूल लोहरसी का परीक्षा परिणाम घोषित





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गुरुकुल विद्यासागर स्कूल लोहरसी का सत्र 2023- 2024 का परीक्षा परिणाम पालकों एवम छात्र छात्राओं की उपस्थिति में घोषित किया गया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100% रहा। जिसमें इंग्लिश मीडियम में केजी -1 में प्रथम स्थान देवांशु साहू, सेकंड स्थान जतिन साहू। केजी -2 में प्रथम स्थान धैर्य निषाद, सेकंड स्थान फलेन्द्र साहू। क्लास -1 में प्रथम स्थान गुनगुन साहू, सेकंड स्थान जिगर सिन्हा। क्लास -2 में प्रथम स्थान कुमुद साहू, सेकंड स्थान विवेक साहू। क्लास -3 में प्रथम स्थान मोक्ष साहू, सेकंड स्थान चंद्रकांत ध्रुव रहे। वहीं हिंदी मीडियम में सत्र 2023-24 केजी -2 में प्रथम स्थान भास्कर साहू, सेकंड स्थान तान्या साहू, क्लास -1 में सीमांत साहू, सेकंड स्थान लावण्या साहू, क्लास -2 में प्रथम स्थान हसीना सिन्हा, सेकंड स्थान फनीश साहू, क्लास -3 में प्रथम स्थान जीत कुमार सोनकर, सेकंड स्थान मयंक साहू। क्लास - 4 में प्रथम स्थान मयंक सिन्हा, सेकंड स्थान लक्ष्यदास मानिकपुरी। क्लास - 5 में प्रथम स्थान भावना ध्रुव, सेकंड स्थान रितिका सिन्हा, क्लास -6 में प्रथम स्थान हेमंत गजेंद्र, सेकंड स्थान भार्गवी शांडिल्य। क्लास -7 में प्रथम स्थान साक्षी गजेंद्र, सेकंड स्थान आरुती साहू। क्लास -8 में प्रथम स्थान रीना साहू, सेकंड स्थान काजल सिन्हा ने प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने उत्तीर्ण सभी छात्र छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका झर्मीन गंजीर ने कहा कि जीवन के प्रत्येक परीक्षा के लिए बच्चे हमेशा तैयार रहे, खूब मेहनत करें और सफलता प्राप्त करते रहे। साथ ही माता पिता एवम विद्यालय का नाम रोशन करते रहे।

## रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अपने अधिकारिक यात्रा पर धमतरी पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रविवार 28.2024 को अपनी आधिकारिक यात्रा पर धमतरी रोटरी क्लब पहुंचे।

धमतरी पहुंचने पर सर्वप्रथम उनका स्वागत अमित जायसवाल के निवास स्थान पर किया गया तत्पश्चात उन्होंने रोटरी क्लब की बोर्ड मीटिंग ली। क्लब के अभी तक किए गए कार्यों की सराहना की एवं और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।

उसके पश्चात मकई चौक में रोटरी क्लब द्वारा स्थापित यातायात सिपाहियों के लिए छायादार छतरी का अनावरण किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अजय गोयल एवं बड़ी संख्या में रोटरी सदस्य शामिल हुए। यातायात विभाग के डीएसपी चंद्रा एवं उनके स्टाफ उपस्थित थे। इसके पश्चात रोटरी क्लब धमतरी ने गंगरेल रिसोर्ट में रोटरी चार्ट नाइट का आयोजन किया जिसके मुख्य अतिथि जिला गवर्नर मनजीत सिंह अरोड़ा एवं विशिष्ट अतिथि गौरव जिंदल रहे। सर्वप्रथम सचिव आशीष गोयल ने सभी को मंचाचीन करवाया एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया उसके पश्चात अध्यक्ष अजय गोयल ने स्वागत भाषण दिया एवं सचिव आशीष गोयल ने अपना सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। क्लब के चार्टर मेंबर मदन मोहन खंडेलवाल एवं बी एल जैन ने क्लब चार्टर दिवस की शुभकामनाएं दी।

## सतनामी समाज भेंडरा परिक्षेत्र का गठन, जितेन्द्र बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे के नेतृत्व में भेंडरा परिक्षेत्र में सामाजिक इकाई का गठन किया गया है। बैठक में भेंडरा, लोहरपथरा, गातापार, बोरझरा, सिलौटी, रामपुर हंचलपुर, खपरी, कोपेडीह के अध्यक्ष, सचिव, भंडारी, छडीदार सहित गणमान्य सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। उपरोक्त सामाजिक जनों की उपस्थित में सतनामी समाज भेंडरा परिक्षेत्र का गठन किया गया है। उपस्थित पदाधिकारियों के समक्ष सर्वसम्मति से परिक्षेत्र अध्यक्ष जितेंद्र



जांगड़े भेंडरा निवासी को नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष हीराराम मारकंडे सिलौटी एवं दूजराम रात्रे रामपुर को नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी यशवंत टंडन गातापार को सौंपा गया है। इसके बाद जिले में आगामी रावटी यात्रा निकालने के संबंध में चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे, प्रमुख सलाहकार रमेश लहरे, राजा बंजारे, महासचिव चंद कुमार बंजारे, सचिव मणीकांत जोशी, जिला मीडिया प्रभारी राजेश रात्रे, परमेश्वर जांगड़े, सनत रात्रे व परिक्षेत्र के सभी गांवों से सामाजिकजन उपस्थित थे।










### नवमी का परीक्षा परिणाम घोषित



**जीजामगांव।** शासकीय हाई स्कूल कोण्डापार में आज दिनांक 29-04-2024 को कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें पोखराज यादव पिता धनेश यादव प्रथम स्थान पर रहे। इन्होंने 93.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर निखिल पिता अरुण साहू 92 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर शक्ति प्रसाद साहू पिता संतोष साहू 85.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मनीषा शर्मा एवं समस्त शिक्षकों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### पहले मतदान फिर कन्यादान, बेलोरा में दूल्हे राजा ने दिया वोट



**मगरलोड।** संसदीय चुनाव के अवसर पर कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 11 के सिहावा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56 के तहत मगरलोड तहसील के ग्राम बेलोरा बूथ क्रमांक 70 के सामान्य परिवार, पिता रूपचंद साहू, माता कामती साहू के सुपुत्र खोमेश साहू ने बारात प्रस्थान के पूर्व अपने मत का दान कर अपनी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का निर्वहन किया। पहले देश और समाज की सेवा उसके बाद स्वयं की सेवा को चरितार्थ कर उन्होंने युवाओं को एक प्रेरणा और संदेश दिया है। मतदान के बाद ग्राम बेलोरा बूथ 70 के पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि रोहित यादव एवं उपस्थित ग्रामीणों द्वारा दूल्हे खोमेश साहू एवं उनके माता बहनों का गुलाल-चंदन से सम्मान किया।

